# आईपीएससी बैडमिंटन में द संस्कार वैली स्कूल की चांदी, अनिशा बनी बेस्ट परफॉर्मर

## ऑल इंडिया गर्ल्स टूर्नामेंट में मेजबान खिलाड़ियों ने जीते दो रजत पदक, डीपीएस आरके पुरम की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

**School Games**

### पंखुरी, अनन्या और नमिता ने जीते एकल के खिताब

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल ने ऑल इंडिया आईपीएससी गर्ल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में दो रजत पदक हासिल किए हैं। यह दोनों पदक उसे अंडर-19 आयु समूह में मिले। मेजबानों को प्रतियोगिता का पहला रजत एकल वर्ग में मिला, तो दूसरा टीम इवेंट में आया। स्कूल के बैडमिंटन कोर्ट में सोमवार को अंडर-19 एकल वर्ग के फाइनल में मॉडर्न स्कूल की नमिता पठानिया ने अनिशा वासे को 21-18, 21-17 से हराया। जबकि तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में कशिश माथुर ने आदया गर्ग को हराया। इसी आयु समूह के टीम इवेंट के फाइनल में मॉडर्न स्कूल ने द संस्कार वैली को 2-1 हराया। इसमें अनिशा वासे ने शिविका को 21-5, 21-6 से हराकर मेजबान को 1-0 की अग्रता दिलाई। उसके बाद युगल मुकाबले में नमिता ने काव्या को साथ लेकर अनिशा वासे और स्वाति श्रीवास्तव की जोड़ी को 21-15 और 21-17 से हराकर मेहमान टीम को बराबर कर दिया। उसके बाद निर्णायक मुकाबले में नमिता ने प्रियबंदा को 21-8, 21-10 से हराकर अपनी टीम को खिताब दिलाया। तीसरे स्थान के लिए डीपीएस आरके पुरम ने वेलहम गर्ल्स स्कूल को हराया। मुकाबलों के बाद बैडमिंटन की विक्रम अवॉर्डी पूनम तत्तवादी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. अमलान के साहा, एक्टीविटी हेड प्रतिभा ललवानी मौजूद रहीं।

### अन्य परिणाम

**व्यक्तिगत मुकाबले**

**अंडर-14:** स्वर्ण पंखुरी गौतम (डीपीएस आरके पुरम), रजत किया टंडन (मॉडर्न स्कूल, दिल्ली), कांस्य किया चंदानी (डेली कॉलेज, इंदौर)। **अंडर-17:** प्रथम अनन्या गोयल (मॉडर्न स्कूल, दिल्ली), द्वितीय रिया एच थास्कान (लॉरेंस स्कूल), तृतीय सौम्या गोयल (डीपीएस आरके पुरम दिल्ली)।

**टीम इवेंट**

**अंडर-14** स्वर्ण डीपीएस आरके पुरम, रजत द लॉरेंस स्कूल, कांस्य एमरॉल्ड हाइट्स इंदौर। **अंडर-17** प्रथम डीपीएस आरके पुरम, द्वितीय लारेंस स्कूल, तृतीय एमरॉल्ड हाइट्स।